तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025



12 संगठन के नए पदाधिकारी जनसेवा का माध्यम...



13 नगर पालिका ने बांटे 1100 फलदार पौधे






# भगवान भूतेश्वर महादेव की दिव्य पालकी यात्रा निकलेगी 28 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

अलग खबर

आज से ठीक 5 दिन बाद शहर में भगवान भूतेश्वर महादेव जी की भव्य-दिव्य पालकी यात्रा का धार्मिक आयोजन किया जाएगा। पिछले 3 वर्षों से पालकी यात्रा मध्यप्रदेश के महाकाल के अनुरूप भगवान भूतेश्वर अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भृमण में निकलेंगे। इस वर्ष पालकी यात्रा के चौथे वर्ष को भव्य-दिव्य और आकर्षक रूप देने भूतेश्वर महादेव सेवा समिति के कर्मकर्ता पिछले एक माह से युध्यस्तर पर तैयारी में जुटे है। समिति प्रमुख मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित चन्दन तिवारी एवं आचार्य पण्डित रोमितराज त्रिपाठी ने बताया भगवान भूतेश्वर के भक्तों एवं धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग तथा विभिन्न समाजसेवी,राजनीति दल के जनप्रतिनिधियों एवं शहरवासियों के सहयोग से चौथे वर्ष भूतेश्वर महादेव के पालकी यात्रा को भव्य-दिव्य बनाने नागपुर से अघोरी झांकी दल,बस्तर के माड़िया नाच, धमतरी से धुमाल दल, स्थानीय डमरू दल,मद्देड ढोल दल के अलावा आकर्षक घोड़ो को पालकी यात्रा में साम्मलित किया गया है। पालकी यात्रा 28 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर के भूतेश्वर मंदिर से निकलेगी। जो समुंद चौक,पॉवर हाउस चौक, बलिराम प्रतिमा चौक, ब्राह्मण पारा के भैरम मंदिर, से इंदिरा गांधी ▸▸| शेष पेज 12 पर

## नागपुर से पहुंचेगा अघोरी दल, माड़िया नाच, धमतरी से धुमाल, स्थानीय डमरू दल रहेगा आकर्षण का केंद्र

### पालकी यात्रा में सम्मलित होंगे जनप्रतिनिधि एवं नेता

हर वर्ष की इस वर्ष भी पालकी यात्रा में विभिन्न राजनीति दल के जनप्रतिनिधि एवं नेतागण सम्मलित होंगे। खासकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिहंदेव, सांसद महेश कश्यप, विधायक लखेश्वर बघेल, विनायक गोयल,महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, निगम के समस्त एमआईसी सदस्यगण, भाजपा एवं कांग्रेस के पार्षदगण, पूर्व विधायक संतोष बाफना, रेखचन्द जैन, भाजपा एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकर्तागण सम्मलित होंगे। इसके साथ ही व्यापारिक एवं परिवहन संघ से जुड़े लोग, विभिन्न समाज व संगठनों के लोग समेत अन्य संगठनों के प्रतिनिधि साम्मलित होंगे।



### पालकी को उठाने धोती व मातृशक्ति के लिए साड़ी युवतियों को पहनना होगा शूट

पालकी यात्रा में भगवान भूतेश्वर महादेव की पालकी को उठाने वाले भक्तों के लिए पुरुषों के लिए धोती-कुर्ता एव मातृशक्तियों के साड़ी तथा युवतियों के लिए सलवार शूट परिधान में होना अनिवार्य होगा।

- आचार्य रोमितराज त्रिपाठी

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधारोपण

**जगदलपुर।** पर्यावरण संरक्षण और मातृशक्ति के सम्मान का एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर हरिस एस ने बुधवार को महारानी अस्पताल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। उन्होंने पौधरोपण के लिए अभिप्रेरित करते हुए कहा कि पेड़ लगाना प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है और मां का स्थान हमारे जीवन में सर्वोपरि होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार पेड़ हमें जीवन और स्वस्थ वातावरण प्रदान करते हैं। यह अभियान मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद सहित अन्य चिकित्सकगण और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।

### विवि में पूरक परीक्षा फार्म 30 तक भरे जाएंगे

**जगदलपुर।** बीए,बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीएचएससी भाग दो और तीन की वार्षिक परीक्षा में पूरक आने वाले विद्यार्थियों के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने पूरक फार्म आनलाईन की तिथि घोषित कर दी है। इन कक्षाओं का पूरक परीक्षा फार्म 30 जुलाई तक भरे जाएंगे। आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ ऑनलाइन प्रिंट 31 जुलाई तक संबंधित महाविद्यालय में जमा किया जाना है। पूरक परीक्षा का टाईम टेबल ईत्यादि की जानकारी यथा समय जारी की जाएगी। जिसे विवि के वेबसाईट, संबंधित महाविद्यालय व परीक्षा केंद्र के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकेगी।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को मिली सहायता राशि

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। करपावण्ड ग्राम छिंदगाव निवासी जयपाल बजरंगी मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी रतनी को, बकावण्ड ग्राम मंगनार निवासी निशा बघेल की मृत्यु बिजली गिरने से पिता सम्पत बघेल को और ग्राम कालीपुर निवासी समीर गुहा की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी आशा को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस 30 को

**जगदलपुर।** दूरसंचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र (जिला कांकेर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोण्डागांव) के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 30 जुलाई को 11 बजे महाप्रबंधक दूरसंचार जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस किया जाएगा। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग संबंधी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई हों ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते हैं। फोरम अथवा न्यायालय में लंबित प्रकरण स्वीकार नही किये जाएंगे। उक्त जानकारी बीएसएनएल सहायक महाप्रबंधक ने दी।

## विडंबना : पुल नहीं होने से नाव ही लोगों का एकमात्र सहारा

# बारिश के दौरान लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के 15 गांव में रहता है आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

खास खबर

बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के नक्सल प्रभावित 15 गांव में आने-जाने के लिए पक्की सड़क और इन्द्रावती नदी पर पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। लोगों को गांव से दूसरे गांव या ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए केवल नाव ही सहारा है।

- **बिन्ता-सतसपुर से धर्मबेड़ा में इंद्रावती नदी पर निर्माणाधीन पुल पूरा होने 11443 ग्रामीणों को मिलेगी राहत**

इस क्षेत्र में 15 गांव के 11443 ग्रामीणों की जिंदगी नाव के सहारे ही चल रही है। क्षेत्र के गांव के लोग एक पुल की आस लगाए सरकार के तरफ टकटकी लगाए देख रहे हैं। धर्माबेड़ा, बिंता, सतसपुर, भेजा, ककनार, पालम, कुदूर, चंदेला, इमलीधर आदि गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इन्द्रावती नदी में पुल बनने से राहत मिलेगी। गांव भेजा एवं इमलीधर निवासी पांडू एवं बुधराम ने बताया कि गांव में लोगों को ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए नाव से जाना-आना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता नहीं पहुंचते हैं, जिससे बीमार ग्रामीणों परेशानी बढ़ जाती है।



### 24.26 करोड़ की लागत से बन रहा पुल

लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बिन्ता-सतसपुर से धर्मबेड़ा में इन्द्रावती नदी पर 24.26 करोड़ की लागत से पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के एसडीओ संतोष दास ने बताया कि इस संबंध में ठेकेदार को निर्देश दिया कि तय समय में पुल निर्माण पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जलभराव की समस्या का महापौर ने लिया जायजा



महापौर संजय पाण्डे बुधवार की सुबह शहीद पार्क, लालबाग सनसिटी सहित कुछ इलाकों का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। हाल ही में हुई बारिश के बाद पार्क के कई हिस्सों में पानी भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों ने महापौर को इस समस्या से अगस्त कराया। समस्या के तुरंत बाद संजय पाण्डे, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा शहीद पार्क पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहीद पार्क में जलनिकासी की व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पार्क में स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज लाइन की प्रभावी योजना तैयार की जाएगी। इसके अतिरिक्त पार्क में 2 यूरिनल निर्माण भी किया जाएगा जिससे वहां आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। महापौर पाण्डे ने कहा कि शहीद पार्क शहर का गौरव है और ▸▸| शेष पेज 12 पर

- **जल्द होगी निकासी की उचित व्यवस्था**

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आए दो मवेशी की मौके पर मौत

## आए दिन हो रहे हादसे से लोगों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र स्थित पण्डरीपानी मुख्य मार्ग में बीती रात अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को टक्कर मार दी इस हादसे में दो मवेशी की जहां मौके पर मौत हो गई वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर के बाद इलाके के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक हादसा मंगलवार रात की बताई जा रही है। पंडरीपानी मुख्य मार्ग पर बीती रात एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को रौंद दिया। इस घटना में दोनों मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हो गए। इस घटना के बाद से आसपास के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने बताया कि डिमरापाल मेडिकल कॉलेज जाने वाले मार्ग में रोजाना सड़क पर मवेशियों का जमावाड़ा लगा रहता है जिसे बचाने के चक्कर मे कई बार वाहन चालक भी घायल हो जाते हैं। इन मवेशी के मालिकों के द्वारा इन्हें खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके बाद ये मवेशी सड़क पर आकर बैठ जाते हैं। कई बार तो जाम की स्थिति भी बन जाती हैं।

मंगलवार की देर रात को अज्ञात वाहन ने इन मवेशियों को टक्कर मार दी। जिसमें 2 मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 2 मवेशी के घायल होने की खबर है।

- **पंडरीपानी मुख्य मार्ग में बीती रात अज्ञात वाहन ने मवेशियों को रौंदा**

# सीजी 17 जैसे लोकल गाड़ियों को टोल टैक्स की निःशुल्क मिले सुविधा : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में बुधवार को पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा टोल टेक्स संबंधित मांगो को लेकर डिप्टी कमिश्नर को मांगपत्र सौंपा।

श्री मौर्य ने बताया कि रायपुर से टोल धमतरी से जगदलपुर के बीच की दुरी 294 किमी हैं। इस दरम्यान बढ़ईगुडा,मसोरा,चारामा के आगे जगतरा फिर धमतरी टोल नाका संचालित हो रहा हैं,परन्तु पप्पु ढाबा के आस-पास नया टोल नाका बनाया जा रहा हैं। चार टोल प्लाजा होने के बावजूद नए टोल प्लाजा बनाया जाना नियम विरुद्ध है। एनएचएआई के नियमों के खिलाफ है,जबकि नेशनल हाईवे की निर्धारण और संग्रह के तहत एवं एनएचएआई दो टोल प्लाजा के बीच की न्युनतम दुरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए। इसके बावजूद शर्तों को पूरा नहीं किया जा रहा है। कांकेर से लेकर केशकाल तक की सड़कें बेहद खराब हैं। एनएचएआई द्वारा पूरे जगह टोल नाकाओं में सुविधाओं का अभाव है। बस्तर अंचल की अंघरूनी क्षेत्रों के कई गाड़ियों पर फास्टेक नहीं लग पाया है,जब वे टोल पर जाते है, तो डबल चार्ज के साथ साथ डबल शुल्क लेते है। उनसे बदतमीजी से पेश आते हैं, जो कि कतई बर्दाशत नहीं किया ▸▸| शेष पेज 12 पर

- **टोल टेक्स संबंधित मांगो को लेकर कांग्रेस ने सौंपा मांगपत्र**



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, गौरनाथ नाग, सुषमा सुता,पार्षद सूर्यापानी, जस्टिन भवानी, ललिता राव, शुभम यदु, एस नीला,खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# छात्रा की ड्रेस देख ठिठके अधिकारी, दिया यूनिफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड



बस्तर विकासखंड में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश पांडेय ने बुधवार की सुबह 9:45 बजे के करीब जब वे राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने रास्ते में ग्राम पंचायत बालेंगा की कुछ छात्राओं को स्कूल जाते देखा। वे तुरंत रुके और बच्चियों से बातचीत कर स्कूल की गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चियों ने बताया कि स्कूल में शिक्षक नियमित रूप से आते हैं और प्रतिदिन प्रार्थना, सुक्ति वाचन और समाचार पत्र पाठ जैसी गतिविधियां होती हैं। इसी दौरान उनकी नजर एक छात्रा सुमन पर पड़ी, जिसकी यूनिफॉर्म पुरानी थी। जब उन्होंने इसका कारण जानना चाहा तो बच्ची कुछ बोल न सकी। पांडेय ने इस स्थिति को गंभीरता से लिया और तुरंत स्कूल पहुंचकर प्रधान अध्यापक से चर्चा के बाद स्वयं अपने हाथों से सुमन को नई ड्रेस प्रदान की। संयुक्त संचालक वहीं रुके और प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उन्होंने शिक्षकों से पौधरोपण की जानकारी ली।

# बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार युवती हरियाणा से की गई बरामद

पुलिस ने युवती को पानीपत हरियाणा से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



गीदम पुलिस को बलात्कार करने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। जिले में अपराधों की रोकथाम, असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बारसूर गोविन्द दीवान के पर्यवेक्षण में निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में लगातार आरोपियों को पकड़ा जा रहा है।

16 जुलाई को पीड़िता के पिता ने गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसकी पुत्री बिना बताये कहीं चली गई है। मुखबिर से सूचना एवं सायबर लोकेशन के आधार पर युवती की लोकेशन पानीपत हरियाणा में होने का पता चला। पुलिस ने टीम गठित कर हरियाणा पानीपत पहुंचकर युवती को बरामद किया। पीड़िता के कथन पर आरोपी दिनेश राजपूत उम्र 27 जाति क्षत्रिय निवासी जिला विराट नगर को गिरफ्तार कर थाना गीदम लाया गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी दिनेश ने 12 जुलाई को किसी केश में लड़की की गवाह की जरूरत है। तुमको चलना है कहकर अपने साथ वारंगल ले जाकर बस स्टैण्ड स्थित किसी लॉज में जबरदस्ती सम्बन्ध बनाया। 13 जुलाई को दिल्ली में घुमाने के बाद बस से पानीपत लेकर आया और रेलवे स्टेशन के पास किसी लाज में लाकर इसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाने लगा। मना करने पर आरोपी ने दोनों गालों पर तमाचा से मारपीट कर इसके साथ जोर जबरदस्ती की। पीड़िता ने दूसरे के फोन से घटना के संबंध में अपने चाचा को बताकर आरोपी से किसी तरह से बचते हुए नजदीक पुलिस थाना सिटी पानीपत हरियाणा पहुंच कर घटना के बारे में बताया। पीड़िता के कथन के आधार पर थाना गीदम में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में अनिल कुमार ध्रुवे, आरती दीवाकर, रोहित कुर्रे, प्रियंका यादव, रेखा वर्मा, ज्योति बघेल की मुख्य भूमिका रही है।

## पंजीकृत हमालों ने रोजी-रोटी की तलाश में किया पलायन

# बारिश के चलते मंडी में उपजों की आवक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बारिश के चलते एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी में उपजों की आवक नहीं हो रही है। इससे मंडी के पंजीकृत 300 हमालों ने रोजी-रोटी की तालाश में पलायन कर चुके हैं, जिससे मंडी परिसर सूनसान हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय मुख्यालय स्थित जगदलपुर कृषि उपज मंडी को एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी माना जाता है। इस मंडी में व्यवसाय करने वाले लगभग 250 व्यापारी एवं 300 हमाल पंजीकृत हैं। संभाग के छोटे व्यापारी और किसान भी पहुंचते हैं। मंडी में धान, मक्का, अमचूर, इमली, महुआ,




टोरा, चिरौंजी आदि की लाखों रूपए का कारोबार किया जाता है। लगातार बारिश होने के कारण मंडी में उपजों की आवक नहीं हो रही है, हालांकि वर्तमान में उपजों की सीजन नहीं है। आवक नहीं होने से मंडी हमालों ने रोजी-रोटी के लिए ग्रामीण क्षेत्र में पलायन कर चुके हैं, जहां हमाल खेती में मजदूरी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसी मंडी में हर साल इमली से आय होती थी, पर इमली के शुल्क में छूट दिए जाने से मंडी की आय प्रभावित होने लगी है।

### मंडी की आय प्रभावित

कृषि विपणन बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने इस संबंध में बताया कि मंडी में उपजों की आवक नहीं होने से आय प्रभावित होगी, इसके लिए आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# कई गांव में बिजली नहीं, चिमनी युग में सैकड़ों ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग के दुर्गम एवं सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ऐसे कई गांव जहां पहुंचने के लिए सड़क नहीं होने से अब तक बिजली नहीं पहुंची। यही कारण है कि ऐसे गांव के ग्रामीण अंधेरे के साये में जिंदगी गुजार रहे हैं, जिससे गांव के सैकड़ों ग्रामीण चिमनी युग में रह रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत कंपनी की ओर से नियद नेल्लानार योजना के तहत उक्त गांवों में विद्युतीकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, पर सड़क नहीं होने से गांव तक ट्रांसफार्मर, पोल आदि अन्य उपकरण पहुंच पा रहा है। बिजली न होने के कारण इन गांवों में जीवनशैली भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोग अंधेरे में रहने और बिजली के अभाव में अपने दैनिक कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। दुर्गम क्षेत्र के मेटागुड़ा, आउटपल्ली, लेन्ड्री, एर्रापल्ली, कस्तूरपाल, पडरी, पीडिया, कांचल, रिरेनार आदि लगभग दो दर्जन गांव के ग्रामीण अंधेरे के साये में गुजर-



बसर करने को मजबूर हैं। अब इन गांवों में विद्युत कंपनी नियद नेल्लानार योजना के तहत रोशनी पहुंचाने का प्रयास कर रहा है, ऐसे गांव तक जाने के लिए सड़क नहीं होने से बिजली पहुंचना मुश्किल हो रहा है। बिजली नहीं होने की वजह से इन गावों के सैकड़ों की आबादी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### उपकरण पहुंचना मुश्किल हो रहा

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने बताया कि दुर्गम क्षेत्र के ऐसे गांव हैं जहां जाने के लिए सड़क नहीं है, जिससे बिजली के उपकरण पहुंचना मुश्किल हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### उप्राशा डोंगरीगुड़ा बिंजोली में बाल संसद का गठन

**कोण्डागांव।** उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा बिंजोली, संकुल बिजौली, विकासखंड माकड़ी, जिला कोंडागांव में बाल संसद का गठन बड़े ही उत्साह व लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरी गंभीरता के साथ मतदान प्रक्रिया को अपनाया। बाल संसद के चुनाव में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ नामांकन भरा और अपने विचारों व योग्यताओं का परिचय दिया। संतोष पोर्ते, कुंजन ठाकुर और दुरगसाय कोला जैसे शिक्षकों की निगरानी में मतदान प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रही। इस बार शालानायक पद के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें आकाश ने कु. पद्मावती को मात्र एक वोट से हराकर विजय हासिल की। यह चुनाव विद्यार्थियों के बीच लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा की मिसाल बन गया। चुनाव परिणाम आने के बाद सभी नवनिर्वाचित बाल नेताओं ने विद्यालय के समक्ष अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना को बल मिला। प्रधान पाठक भोलानाथ सूर्यवंशी एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षक वेद प्रकाश कवर, रविंद्र करचाम, संदीप तिर्की, सुदामा नाग, ग्राम सरपंच चंदूलाल बघेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजीत बघेल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आजाद और तिलक की जयंती पर कांग्रेस भवन में देशभक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

कांग्रेस भवन में आज अमर शहीद वीर चंद्रशेखर आजाद और स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधा लोकमान्य पंडित बाल गंगाधर तिलक की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रें पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, तरुण गोलछा, शकूर खान, रितेश पटेल, नरेंद्र देवांगन महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस व वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने आजाद और तिलक के जीवन, विचारों और देश की आज़ादी में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान और संघर्ष आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं।

## वीरता, विचार और बलिदान को किया गया नमन, युवाओं ने गीतों से दी श्रद्धांजलि



### आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की वीरता और तिलक की ओजस्वी पत्रकारिता व स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है जैसे नारे आज भी युवाओं को देशभक्ति के पथ पर अग्रसर करते हैं। इस मौके पर युवा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और उनके जीवन से संबंधित संस्मरण साझा किए। अंत में सभी ने एक स्वर में उनके आदशोंर् पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस युवा इकाई द्वारा किया गया और अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

### ये रहे शामिल

इस दौरान जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव उमर मेमन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, सनी चोपड़ा, रूपेश गोस्वामी, बुधराम मरकाम सहित कांग्रेस जन शामिल रहें।

## कांग्रेस भवन में हुआ नव-नियुक्त पदाधिकारियों का भव्य अभिनंदन

# संगठन के नए पदाधिकारी जनसेवा का माध्यम मानकर कार्य करेंगे, विपक्ष से निपटने मिला मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की विस्तारित कार्यकारिणी जिसमें स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों समेत कुल 177 पदाधिकारी शामिल हैं, का अभिनंदन समारोह 22 जुलाई को कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का पारंपरिक रूप से सूतमाला पहनाकर, तिलक चंदन लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेताओं द्वारा उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

- 177 पदाधिकारियों की जम्बो कार्यकारिणी का हुआ स्वागत



### ये रहे उपस्थिति

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व मंत्री व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व विधायक संत नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रवि घोष, झूमुक दीवान, धन्नू मरकाम, महंगू मरकाम, श्रीमती सुकबती मरकाम, वेदवती पोयाम, तबस्सुम बानो, राजेंद्र साहू, सकुर खान, सगीर अहमद कुरैशी, श्रीमती राज मरकाम सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए करेंगे कार्य

वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने नव पदाधिकारियों को भाजपा की दमनकारी नीतियों का मजबूती से विरोध करने की प्रेरणा दी। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्थानीय समस्याओं को जनता के हित में समय–समय पर उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। संगठन को जनसेवा का माध्यम बनाकर कार्य करने की सलाह दी गई।

# रक्षाबंधन से पहले कोण्डागांव में खाद्य पदार्थों की जांच तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



रक्षाबंधन के महत्वपूर्ण त्यौहार को देखते हुए कोण्डागांव जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। आयुक्त, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार, जिले में मिलावटी और गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थोंकी जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कोण्डागांव बस स्टैंड पर निगरानी दल सक्रिय रहा, जिसने त्यौहारों के अवसर पर आने वाले खाद्य पदार्थोंकी गुणवत्ता पर नियंत्रण रखने के लिए बाहर से आने वाली बसों पर विशेष नजर रखी।

निरीक्षण के दौरान, रायपुर और उड़ीसा से आ रही दो बसों से पनीर की खेप उतरते देखी गई। विभागीय अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पनीर के नमूने एकत्र किए और उन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेज दिया। इसी अभियान के तहत, केशकाल से भी छत्तीसगढ़ के बाहर से आए कुंदा का नमूना लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। त्यौहारी सीजन में खोवा, कुंदा, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों की मांग और आपूर्ति में भारी वृद्धि होती है, जिससे नकली या मिलावटी उत्पादों की आशंका भी बढ़ जाती है।

### गुणवत्ता उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, इन सभी खाद्य सामग्रियों की प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी भी नमूने में गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित व्यापारियों और विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मक्का के अवैध भण्डारण व उड़द के परिवहन पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कृषि उपज मंडी समिति, कोण्डागांव क्षेत्र में मंडी समिति के सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में निरीक्षण दल ने वाहनों की सघन जांच के दौरान मक्का के अवैध भण्डारण और उडद के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है।

- सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सघन जांच 92 हजार से अधिक राशि वसूली गई

उड़द का अवैध परिवहन 23 जुलाई 2025 को ग्राम बफना में, मेघना नवरंगपुर निवासी पदम बिंदाड़ी को वाहन क्रमांक ओडी29 डी6133 में 60 बोरा उड़द का बगैर मंडी कागजात और दस्तावेज के परिवहन करते हुए पाया गया। इस पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत जब्ती की कार्यवाही की गई। मक्का का अवैध भण्डारण इसी प्रकार, ग्राम मुड़ाटिकरा मुलमूला में बुधराम देवांगन के गोदाम के औचक निरीक्षण के दौरान, बगैर मंडी पंजीयन के अवैध तरीके से भण्डारित की गई 834 बोरा कृषि उपज मक्का अनुमानित वजन 500 क्विंटल का जब्ती प्रकरण तैयार किया गया।



### वसूली और कुल प्रकरणों की जानकारी

मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के तहत शासन द्वारा निर्धारित कुल मूल्य आधारित देय शुल्कों का पाँच गुना मंडी फीस, कृषक कल्याण शुल्क, निराश्रित शुल्क तथा अधिनियम की धारा 53 के तहत प्रशमन समझौता शुल्क ली गई। इन जब्ती प्रकरणों पर मंडी अधिनियम के नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संबंधित व्यापारियों से कुल 92 हजार 738 रुपये की राशि वसूली गई। निरीक्षण दल में उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार देवांगन, हरिश्चंद्र बघेल, शंकर भोला मण्डावी, चंद्रकुमार देवांगन और विजेंद्र सिंह राजपूत शामिल रहे।

### अब तक कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध

कृषि उपज मंडी समिति के सचिव ने बताया कि सत्र 2025–26 में अब तक कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इन प्रकरणों में 3631 बोरा अनुमानित वजन 2172.20 क्विंटल कृषि उपज शामिल थी, जिसका कुल मूल्य 49 लाख 71 हजार 780 रुपये था। इन पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर कुल 3 लाख 47 हजार 852 रुपये की राशि वसूल कर प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

# कांग्रेस का राज्यपाल के नाम ज्ञापन, भाजपा नेता के खिलाफ एसीबी जांच की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खनिज निगम के अध्यक्ष पद दिलवाने के नाम पर 40 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आने के बाद कोंडागांव की राजनीतिक फिजा गरमा गई है। इस पूरे मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कोंडागांव जिला भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य संतोष कटारिया पर गंभीर आरोप लगे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने उक्त प्रकरण को लेकर केशकाल थाने में दर्ज प्राथमिक सूचना का हवाला देते हुए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

- खनिज निगम अध्यक्ष बनाने के नाम पर 40 लाख की हुई ठगी

भाजपा नेता की स्वीकारोक्ति से मचा सियासी भूचाल मच गया है। दर्ज प्राथमिक सूचना के अनुसार भाजपा नेता संतोष कटारिया ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि उन्होंने 40 लाख रुपए नकद भुगतान किया था। यह स्वीकारोक्ति कांग्रेस के अनुसार कई सवालों को जन्म देती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब यह स्पष्ट है कि नकद राशि का लेनदेन हुआ है, तो यह जानना बेहद जरूरी है कि इतनी भारी भरकम राशि कटारिया के पास कहां से आई। क्या यह अवैध वसूली से प्राप्त की गई थी। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने इस बात पर भी जोर दिया है कि भाजपा नेता ने यह रकम दिल्ली और रायपुर में किन माध्यमों से दी, इसका पता लगाना बेहद जरूरी है। यह मामला हवाला कारोबार की संभावनाओं को भी जन्म दे रहा है। कांग्रेस ने इसे बेहद गंभीर आर्थिक अपराध मानते हुए कहा है कि इसका सीधा संबंध राजनीतिक प्रभाव और सत्ता के दुरुपयोग से भी हो सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि इस पूरे मामले में जो भी व्यक्ति या समूह शामिल हो, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और विस्तृत जांच एसीबी के माध्यम से करवाई जाए, ताकि सत्य सामने आ सके और जनता को यह संदेश जाए कि कानून से ऊपर कोई नहीं।



### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

*कांग्रेस नेताओं राज्यपाल के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेसियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में जल्द जांच नहीं की गई और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चाहे किसी भी दल में हो, उसके खिलाफ कांग्रेस हमेशा आवाज उठाती रहेगी। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, जिला महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कार्यकारी शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, जिला सचिव उमर मेमन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, सनी चोपड़ा, रूपेश गोस्वामी, बुधराम मरकाम समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।*

# मदर टेरेसा हाईस्कूल में हुआ समारोह हेड बाय, गर्ल सहित अन्य ने ली शपथ

**फरसगांव।** विकासखंड के मदर टेरेसा हाईस्कूल बोरगांव का प्रतिष्ठित इंवेस्टिचर समारोह 23 जुलाई को गर्व और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह नव-निर्वाचित छात्र परिषद् और हाउस लीडर्स के औपचारिक शपथ ग्रहण का प्रतीक था। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हंसराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व प्राचार्य रेव. फा. सिबी कुन्नेल विशेष अतिथि के रूप में समारोह मौजूद रहे। इसके अलावा स्कूल के प्रिंसिपल रेव. फा. फिलिप अब्राहम, सिस्टर जेस्सी क्लेयर उप-प्राचार्या तथा फा. रोशिन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और स्वागत भाषण से हुई। जिसके पश्चात शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें हेड बॉय, हेड गर्ल, सांस्कृतिक, खेल और अनुशासन सचिव, तथा येलो, रेड, ग्रीन और ब्लू हाउस के कप्तान और उप-कप्तानों ने निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली। मुख्य अतिथियों ने हंसराज सिन्हा ने अपने संबोधन में नेतृत्व, जिम्मेदारी और मूल्यों के महत्व पर बल दिया। समारोह एक प्रेरणादायक वातावरण के साथ सम्पन्न हुआ। जिसने छात्रों और संपूर्ण विद्यालय समुदाय को नई ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।



# दो बालिकाओं ने पीएटी परीक्षा में हासिल की सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के फरसगांव विकासखंड के शंकरपुर गांव की किसान परिवार से आने वाली दो बालिकाओं, कुमारी भूमिका पात्र और कुमारी भूपेंद्री कश्यप, ने पीएटी प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से दोनों सफल बालिकाओं ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए पीएटी परीक्षा में सफल होने पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिला प्रशासन की ओर से इन दोनों बालिकाओं को आगे की पढ़ाई के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत फरसगांव के सीईओ रूपेन्द्र मरकाम भी उपस्थित थे। भूमिका और भूपेंद्री ने बताया कि वे दोनों किसान परिवार से हैं, और खेती किसानी ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखने और परीक्षा की तैयारी में शिक्षकों के साथ–साथ परिवारजनों के सहयोग को भी अपनी सफलता का श्रेय दिया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर में कृषि संकाय से पढाई करने वाली इन दोनों बालिकाओं को विद्यालय में आधुनिक एवं जैविक खेती की तकनीकों को समझने में बहुत मदद मिली। प्राचार्य सोमनाथ मरकाम के मार्गदर्शन में शिक्षक लेखराम कुजूर द्वारा विद्यालय में विभिन्न फसलों की खेती कर आधुनिक एवं जैविक खेती की विधियों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया जाता है, जिससे विद्यार्थी खेती कार्य को बेहतर ढंग से समझ सकें। शिक्षक श्री कुजूर ने बताया कि प्रायोगिक फार्म में उत्पादित ताजी हरी सब्जियों को संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में भेजा जाता है, जिससे वहाँ के बच्चों को मिड–डे–मील में पौष्टिक सब्जियाँ मिल पाती हैं।

- जिला प्रशासन से पढ़ाई में सहयोग का मिला आश्वासन



## स्कूली बच्चों को पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों की दी जानकारी

# मर्दापाल में साइबर क्राइम जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार और अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में, कोण्डागांव जिले में 21 जुलाई से 25 जुलाई तक साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मर्दापाल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों और उनसे जुड़े खतरों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बच्चों को केवल साइबर सुरक्षा ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आत्मरक्षा, बाल संरक्षण, गुड टच–बैड टच, पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों जैसे अत्यंत संवेदनशील और आवश्यक विषयों पर भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सरल और प्रभावशाली तरीके से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डाला। ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया पर सतर्कता इंटरनेट का उपयोग करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और अनजान लिंक या व्यक्तियों से कैसे बचें। व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा अपनी निजी जानकारी को ऑनलाइन कैसे सुरक्षित रखें। आपत्तिजनक स्थिति में सहायता किसी भी आपत्तिजनक स्थिति में किससे और कैसे मदद लेनी चाहिए। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण पर उपयोगी सुझाव दिए गए। स्वच्छता, पोषण और आत्मरक्षा इन विषयों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, ताकि बच्चे तकनीकी रूप से सजग होने के साथ–साथ मानसिक और शारीरिक रूप से भी सशक्त बन सकें।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में पुलिस साइबर सेल से उप निरीक्षक दिनेश डहरिया, सहायक कांस्टेबल साइबर एक्सपर्ट मनीष बोस, टीआई रविशंकर ध्रुव थाना मर्दापाल, महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ माधुरी उसेण्डी और जेंडर विशेषज्ञ उमेश कुमार मरापी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### भगवान भूतेश्वर महादेव....

कन्या हायर सेकंडरी स्कूल से अहमद जी भाई केरोसिन एजेंसी से सीरासार चौक,गोल बाजार चौक,मेन रोड,महावीर चौक, श्री राम स्टेट बैंक चौक, मिलन होटल से लक्ष्मी होटल होते चांदनी चौक, महारानी हॉस्पिटल के सामने से होते हाई स्कूल चौक, हनुमान मंदिर चौक, पैलेस रोड होते माता दंतेश्वरी मंदिर चौक,दामोदर पेट्रोल पंप स्थित तिरंगा चौक,दलपत सागर आइलैंड मार्ग से होते समुंद चौक होते वापस लक्ष्मीनारायण मंदिर में सम्पन्न होगा। पूरे रास्ते भर में चौक-चैराहो पर नागपुर अघोरी झांकी दल ने साम्मलित कलाकार भगवन शिव और माता पार्वती, नंदी समेत दर्जनों गणों के साथ रोमांचक निर्त्य के साथ प्रस्तुति देंगे। इस दौरान दल के कलाकारों द्वारा अदभुत भाव-भंगिमा के साथ आग के गोले और अन्य आकर्षण प्रस्तुति देंगे। साथ ही बस्तर के स्थानीय माड़िया नाच दल के युवा सदस्यो के द्वारा एक स्वर में सिटी बजाते नांच करते चलेंगे। वही मद्देड ढोल दल और स्थानीय युवक-युवतियों के डमरू दल एक लय से भगवान भूतेश्वर पालकी यात्रा के आगे सामूहिक डमरू बजाते प्रस्तुति देंगे। पालकी यात्रा के दौरान पूरे रास्तेभर में सुखा प्रसाद वितरण किया जाएगा। लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित किशोर तिवारी ने बताया 9 अगस्त को अंतिम सावन सोमवार पश्चात 10 अगस्त को अन्न भोग का महाभण्डारा होगा।

विभिन्न समाजिक व संगठनों करेंगे स्वागतः भगवान भूतेश्वर सेवा समिति से जुड़े राकेश साहू, अभय दीक्षित, योगेश शुक्ला, योगेश ठाकुर, प्रवीण द्विवेदी, सरिता तिवारी, काजल तिवारी, सुमन पांडे, प्रदीप पाढ़ी, हर्ष पाणिग्राही, मानिक नायक, रोहन देवांगन, सुमित जोशी, डॉ निहारिका मोदी, काजल शांडिल्य, गंगोत्री चंद्रवंशी, पार्वती समेत भगवान भूतेश्वर सेवा समिति के मातृशक्तियां व बड़ी संख्या में पुरुष कर्मकर्ता पिछले एक माह से पालकी यात्रा की जबर्दस्त तैयारी में पसीना बहा रहे है।

### जलभराव की समस्या ...

हम इसके रख-रखाव में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। नागरिकों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। नगर निगम जल्द ही साफ-सफाई, जलनिकासी और मूलभूत सुविधाओं को लेकर कार्ययोजना बनाकर अमल में लाएगा, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

निकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गईः संजय पाण्डे ने लालबाग सनसिटी इलाके में गहरे जलभराव की समस्या का गंभीरता से निरीक्षण किया। वर्षा के बाद इलाके में जल जमाव की स्थिति बनी जिस वजह से कुछ घरों में पानी जमा हो गया था, जिसके निकासी के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की गई। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों और तकनीकी टीम के साथ-साथ पाइपलाइन, नाली एवं ड्रेनेज प्रणाली की मौजूदा स्थिति का भी जायजा लिया। इस अवसर पर पार्षद लोकेश चौधरी, नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीजी 17 जैसे लोकल....

जाएगा। टोल ठेकेदारों द्वारा टोल नाको पर भी बाहरी राज्यों के कामगारों से टोल संचालन के साथ साथ दंबगई भी की जाती है। जगदलपुर से बढ़ईमुढ्डा टोल नाका की दुरी 12 किमी पर हैं, परन्तु शहर व ग्रामीण क्षेत्रो से लगे 20 किमी के दायरे में आने वाले सभी सीजी 17 के गाड़ियों से पैसा लिया जाता है। जो कि न्याय संगत नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री स्कूल में हरेली त्यौहार मनाया गया



**लोहंडीगुड़ा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोहंडीगुड़ा में आज हरेली त्यौहार मनाया गया। सबसे पहले छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र पर पुष्प और दीप अर्पित कर शुभारंभ किया गया। हरेली छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार है और इसे मानने के लिए बच्चों के साथ सभी उत्साहित होते है। कार्यक्रम में बच्चों ने कर्मवार गीत, नृत्य व भाषण आदि प्रस्तुत कर त्यौहार की महिमा और महत्व को बताया। छात्रों ने चित्रकला के माध्यम से कृषि यंत्रों जैसे हल, बैल आदि प्रस्तुत किया। छोटे बच्चे पारंपरिक वेशभूषा पहन कर प्रस्तुत किए। प्राचार्य अशोक खापर्डे ने बच्चों को संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ में हरेली का त्यौहार मानसून ऋतु और कृषि चक्र की शुरुआत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसमें किसान अपनी भूमि के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और अच्छी फसल की कामना करते हैं। ऐसे लोक त्यौहार मनाने से हम अपने संस्कृति से जुड़े होने का एहसास होता है। इस मौके पर स्टाफ मौजूद थे।

### चर्म रोग से जुड़ी समस्याओं के लिए हेल्थ कैंप 27 को

**दंतेवाड़ा।** चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त रोग को लेकर दंतेवाड़ा में निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन होने जा रहा है। यह कैंप रविवार 27 जुलाई को हाई स्कूल रोड़ स्थित बालाजी मेडिकल में आयोजित होगा। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया कि चर्म रोग, सौन्दर्य एवं गुप्त से संबंधित सभी प्रकार के ईलाज किए जाएंगे। हेल्थ कैंप के माध्यम से चेहरे का काला दाग एवं झाइयां, पिंपल्स,दाद, खाज, खुजली, मुख संबंधी समस्याएं , बालों का झडन्ना, पकना रूसी एवं गंजापन, नाखुनों का सडन्ना, सोरियासीस-एक्जीमा, बालटोड,स्केबीज़, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के त्वचा संबंधित समस्याएं, ऐलर्जी, एडिय़ों का बार-बार फटना, चेहरे के मस्सों व तिल का ईलाज, हाथ और पैर के तलवे से पसीना आना, पलकों का काला दाग एवं पलकों में जमा केलेस्ट्राल , लिंग में घाव होना, लिंग के स्किन का फटना एवं सफ़ेद होना एवं अन्य चर्म रोग से जुड़ी सभी समस्याओं का निदान मुफ़्त में किया जाएगा।

### प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम पर समिति गठित

**दंतेवाड़ा।** पीसीपीएनडी कार्यक्रम अंतर्गत प्रसव पूर्व निदान तकनीकी विनिमय और दुरुपयोग निवारण अधिनियम 1994 की धारा 17 की उपधारा (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर पूर्व में गठित समिति में सम्मिलित अधिकारी के स्थानांतरण होने के कारण समिति का पुनर्गठन किया गया है। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, जिला नोडल अधिकारी पीएनडीटी डॉ. एस मण्डल, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. नमन साखंला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रावली, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार बघेल, अधिवक्ता दिनेश राठौर, जन संपर्क अधिकारी रंजीत पुजारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक सोनी, जिला सलाहकार पीएनडीटी अंकित सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता बबीता पाण्डे, सामाजिक कार्यकर्ता दशाराम नाग शामिल रहेगें।

# शासकीय मिडिल स्कूल कुड़कानार बना प्रकृति संरक्षण की मिसाल

## हरियाली की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

■ शुरुआत वीरान जमीन से हरियाली की ओर

जब कोई शिक्षक केवल कक्षा तक सीमित न रहे और विद्यालय परिसर को भी कक्षा समझ ले, तब बदलाव केवल पुस्तकों में नहीं, प्रकृति में भी नजर आता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है बस्तर विकासखंड के शासकीय मिडिल स्कूल कुड़कानार के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने। वर्ष 2009 में विद्यालय में केवल एक इमली का पेड़ था, आज वहां 100 से अधिक पेड़-पौधे लहलहा रहे हैं। इनकी छांव में बच्चे पढ़ते हैं, खेलते हैं और प्रकृति से प्रेम करना सीखते हैं। प्रधान अध्यापक जब इस स्कूल में पदस्थ हुए तब परिसर



में हरियाली का नामोनिशान नहीं था। चारों ओर सिर्फ सूखी जमीन और वीरानी फैली थी। लेकिन उन्होंने ठाना अगर हम दिन का सबसे सुंदर समय स्कूल में बिताते हैं, तो क्यों न इसे सुंदर बनाया जाए।

### बाउंड्री वॉल बनी तो बदला दृश्य

शुरुआत में लगाए गए पौधे जानवर खा जाते थे, क्योंकि स्कूल की बाउंड्री नहीं थी। जैसे ही शासन द्वारा बाउंड्रीवॉल बनी, यादव ने पौधारोपण की योजना शुरू की। लेकिन केवल रोपण नहीं, देखभाल, सुरक्षा और संरक्षण उनका असली मंत्र था।

### छात्र, शिक्षक मिलकर लगाते हैं पौधे

हर वर्ष छात्र-छात्राओं और सहकर्मी शिक्षकों के सहयोग से पौधरोपण किया गया। इन पौधों को नियमित पानी देना, खाद देना और चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाना विद्यालय के दिनचर्या का हिस्सा बन गया। आज विद्यालय में 50 से अधिक प्रजातियों के पेड़ और पौधे हैं, जिनमें फलदार, फूलदार, औषधीय और छायादार सभी शामिल हैं।

***विशेष प्रजातियां जो बनीं विद्यालय की शान***

**छायादार वृक्षः** कदंब, नीम, अशोक, अकेशिया, गुलमोहर।

**फलदार पौधेः** आम, आंवला, नींबू, जामुन, अमरूद, कटहल, नारियल, बेर, बादाम।

**औषधीय पौधेः** तुलसी, कनेर, तेजपत्ता, करीपत्ता, काफी।

***फूलदार पौधेः गुलाब, गुड़हल, गेंदे***

छांव में ठंडक, हरियाली में शिक्षा

अब गर्मी के मौसम में स्कूल परिसर में ठंडक बनी रहती है। बच्चों को खुले में पढ़ने में आनंद आता है। पेड़ों की छांव केवल शरीर को नहीं, मन को भी सुकून देती है।

***हरियाली से जुड़ा एक नया पाठ***

इस पहल का असर सिर्फ पर्यावरण पर नहीं पड़ा, बच्चों की प्रकृति के प्रति समझ, जिम्मेदारी की भावना और सामूहिक श्रम का अनुभव भी गहराया है। अब बच्चे खुद पौधों की देखभाल करते हैं और उनकी सुरक्षा के लिए आगे आते हैं।

***आदर्श शिक्षक, प्रेरणादायक कार्य***

धीरेन्द्र यादव का यह कार्य यह सिद्ध करता है कि एक शिक्षक शिक्षा से कहीं अधिक कर सकता है। वह समाज और प्रकृति का निर्माता बन सकता है। आज यह विद्यालय केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, पर्यावरण संरक्षण का आदर्श उदाहरण बन चुका है।

### सुरक्षा पर पहले ध्यान

पेड़ लगाने से पहले हम उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करते हैं। यही पौधों को वृक्ष बनने तक जीवित रखता है।

-धीरेन्द्र यादव, प्रधान अध्यापक

# नगर पालिका ने बांटे 1100 फलदार पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से

■ पेड़ लगाना पर्यावरण के लिए आवश्यक : चैतराम

नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा द्वारा आज एक विशेष पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों को विभिन्न प्रकार के 1100 फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नगर क्षेत्र में हरित आवरण को बढ़ावा देना, स्वच्छ पर्यावरण को प्रोत्साहित करना और नागरिकों को फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना है। वितरित किए गए पौधों में आम, अमरूद, नींबू, सीताफल, कटहल, जामुन, महुआ आदि शामिल थे।

विधायक चैतराम अटामी ने बताया पेड़ लगाना पर्यावरण को सरंक्षित रखने के लिए कितना आवश्यक है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष अपने बच्चों के जन्मदिन पर पौधे लगाते हैं एवं नगरवासियों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने कहा यह पहल न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक कदम है, बल्कि इससे आने वाले वर्षों में नागरिकों को फलदार वृक्षों से लाभ भी मिलेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, नगर पालिका सीएमओ व्हीकेएस पालदास, उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा, समस्त पार्षदगण, कर्मचारीगण, स्थानीय नागरिक, समूह के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे इन पौधों की नियमित देखभाल करें और कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। नगर पालिका सीएमओ व्हीकेएस पालदास के द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी एवं पर्यावरण हितैषी कार्यक्रमों को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## कलेक्टर व विभागीय अधिकारियों ने लगाए फलदार पौधे



जिला प्रशासन द्वारा आज एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत कलेक्टरेट परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने हाथों से पौधारोपण किया। अभियान के अंतर्गत कलेक्टरेट परिसर में कुल 58 फलदार पौधे लगाए गए, जिनमें अमरूद, आंवला, नींबू, कटहल और काजू जैसे पौधे शामिल हैं। इन पौधों का चयन न केवल पर्यावरण को हरा भरा बनाने बल्कि भविष्य में उनके फलों से लाभान्वित होने की दृष्टि से किया गया है। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि पर्यावरणीय जागरूकता के साथ-साथ समाज में भावनात्मक जुड़ाव भी स्थापित किया जा सके। यह अभियान जिले में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे समेत जिले के समस्त विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से समझने का मिला अवसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कुम्हाररास नर्सिंग कॉलेज में आज मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य छात्रों और स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और आत्म-सहायता के व्यावहारिक उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस जागरूकता शिविर का संचालन जिला अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सामान्य लेकिन गंभीर समस्याओं जैसे तनाव, चिंता, अवसाद, व्यवहार संबंधी चुनौतियां एवं उनसे निपटने के परामर्श तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त, डॉ. देश दीपक ने न्यूरोलॉजिकल समस्याओं जैसे मिर्गी, स्ट्रोक, माइग्रेन, सिरदर्द, पार्किंसन रोग और अन्य तंत्रिका संबंधी विकारों पर भी व्याख्यान दिया, जिससे विद्यार्थियों को उनकी प्रारंभिक पहचान और उपचार की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया जा सके।

उन्होंने आत्म-सहायता की तकनीकों, नियमित ध्यान, सकारात्मक सोच और संवाद की भूमिका पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी, समूह चर्चा और ध्यान अभ्यास जैसी विविध गतिविधियां भी आयोजित की गयी, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। इसके साथ ही छात्रों ने इस आयोजन को अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को गहराई से समझने और अपने मानसिक संतुलन को बनाए रखने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन मिला।

# कांग्रेसी नेता ने शिक्षा का किया राजनीतिक दुरुपयोग

## भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश केतरप ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम







भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत वरदली में प्राथमिक शाला भवन की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं, जिसमें बच्चों को बिना छत वाले भवन में पढ़ते हुए दिखाया गया है। इस मुद्दे पर भाजपा ने गंभीर आपत्ति जताई है। भारतीय जनता पार्टी के भोपालपटनम मंडल अध्यक्ष राकेश केतरप, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलम गणपत, वेंकटेश्वर यालम, सचिन आत्रम तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज प्रेस के माध्यम से इस विषय में अपना पक्ष रखते हुए बयान जारी किया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के नेता एवं तीन बार के जिला पंचायत सदस्य बसंत राव टाटी द्वारा इस मुद्दे को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया है। दरअसल, जिस स्कूल भवन की तस्वीरें वायरल की गई हैं, वह 4 महीने पहले आंधी-तूफान में उस भवन में 5 रूम है जिसमें से 2 रूम क्षतिग्रस्त हो चुका हैं और वर्तमान में 3 रूम ठीक है उसी में अब कक्षाएं सुरक्षित संचालित हो रही है और सुसज्जित दूसरे रूम में की जा रही है, जहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। केतरप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बसंत राव टाटी बच्चों को जानबूझकर उस क्षतिग्रस्त रूम में कुछ समय के लिए बैठाकर फोटोशूट करवाया, ताकि भाजपा सरकार और प्रशासन की छवि को धूमिल किया जा सके।

इस कृत्य का उद्देश्य सिर्फ सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करना और राजनीतिक रोटियां सेंकना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश केतरप ने कहा कि बच्चों की शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति करना निंदनीय है। यह कार्य बच्चों और उनके अभिभावकों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जब स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों तथा शिक्षकों से बातचीत की, तो स्पष्ट हुआ कि वर्तमान में बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से हो रही है। भाजपा इस प्रकार के भ्रामक प्रचार और झूठे दुष्प्रचार की निंदा करती है और जनता से अपील करती है कि वे ऐसे प्रपंचों से सतर्क रहें। साथ ही प्रशासन से भी अनुरोध किया गया है कि इस प्रकार की झूठी खबर फैलाने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए।

श्रद्धांजलि



ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ।
ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥

श्रद्धांजलि

आपजी को दुखी ह्दय से सूचित किया जा रहा है कि हमारी माता जी सरदारनी अमरजीत कौर गैदु दिनांक 21.07.2025 दिन सोमवार को निधन हो गया है।

उनकी आत्मिक शांति हेतु दिनांक 23.07.2025 दिन बुधवार को समय सुबह 10:00 श्री अखण्ड पाठ साहिब आरम्भ हो गया है हमारे गृह निवास, शांतिनगर गुरूद्वारा रोड पर।

दिनांक – 25.07.2025 दिन शुक्रवार को अखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति समय सुबह 11:00 गृह निवास होवेगी।

उपरान्त 12:00 से 01:00 बजे किरतन, अरदास उपरांत गुरू का लंगर, गुरूद्वारा शांति नगर, बस स्टेण्ड रोड, जगदलपुर

शोकाकुल परिवार

गैदु परिवार

मंजीत सिंह गैदु (पूत्र)
मलकीत सिंह गैदु (पूत्र)
हरदीप सिंह गैदु (पूत्र)
रजिंदर सिंह वाड़े (दमाद)

प्रितपाल सिंह गैदु (पोता), हरप्रीत सिंह गैदु (पोता)
जसमीत सिंह गैदु (पोता), दिलप्रीत सिंह गैदु (पोता)
जगमीत सिंह वाड़े (दोता)
परगट सिंह भूई (दमाद)
हितेश्वर सिंह सग्गू (दमाद)

इसी पत्र को शोकपत्र माना जाये

### नपं अध्यक्ष की पहल से मलेरिया रोधी दवा का हुआ छिड़काव

**गीदम।** नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना की पहल से नगर के विभिन्न वार्डो में मलेरिया रोधी दवा का छिड़काव किया गया। गौरतलब है कि नगर में मलेरिया के प्रकोप से बचने नगर पंचायत अध्यक्ष ने सीएमओ को दवा छिड़काव कराने के निर्देश दिए थे जिसके बाद आज नगर पंचायत अमले द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर शहर के विभिन्न वार्डो में दवा का छिड़काव कराया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने बताया कि मलेरिया के प्रकोप को रोकने नगर के सभी घरों में दवा का छिड़काव कराया जा रहा है आप सभी नगरवासी अपने-अपने घरों में दवा का छिड़काव अवश्य करवाये और क्षेत्र को मलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग करे । इसके साथ ही जहां रुका हुआ पानी है ऐसी जगहों पर भी दवा का छिड़काव विशेष रूप से कराया जा रहा है । इस मौके पर नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना समेत सीएमओ श्रीमती हुलसी प्रधान, गीदम बीएमओ डॉ देवेंद्र प्रताप एव नगर पंचायत व स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।



## पूर्व सांसद के पुत्र व वनमंत्री के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर के पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप के पुत्र एवं छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप के भतीजे निखिल कश्यप (22) का बुधवार तड़के रायपुर मंदिर हसौद के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। वे अपने एक दोस्त के साथ कही जा रहे थे कि उनकी बुलेट अचानक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में निखिल की मौके पर ही मौत हो गई और साथी गंभीर रूप से घायल है। निखिल का शव सत्य साईं अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद आज शाम गृहग्राम फरसागुड़ा लाया गया। शाम 5 बजे फरसागुड़ा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें कश्यप परिवार समेत भाजपा व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष समेत मंत्रिमंडल सदस्यगण, विधायक गण, महापौर, निगम एमआईसी सदस्यगण व बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में बस्तर के विभिन्न जगहों से लोग फरसागुड़ा के लिए रवाना हुए एवं शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा
जिला द.ब. दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
// शपथ पत्र //

मैं बोसाराम पिता स्व. जग्गू उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम रोंजे झोडीपारा, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. की निम्नलिखित कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड क्रमांक 4323 2177 6548 में पुत्र का नाम भ्नेश तामो पिता बोसा राम तामो (BHNESH TAMO S/O BOSA RAM TAMO) एवं जन्मतिथि 08/08/2012 अंकित है, जो कि त्रुटिपूर्ण एवं गलत है।
2. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक व सहीं नाम भुनेश्वर पिता बोसाराम (BHUNESHWAR S/O BOSARAM) एवं जन्मतिथि 05/02/2012 अंकित है, जो सत्य एवं सहीं है एवं मेरे पुत्र के आठवीं के अंकसूची में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम भ्नेश तामो पिता बोसा राम तामो (BHNESH TAMO S/O BOSA RAM TAMO) एवं जन्मतिथि 08/08/2012 के स्थान पर वास्तविक व सहीं नाम भुनेश्वर पिता बोसाराम (BHUNESHWAR BOSARAM) एवं जन्मतिथि 05/02/2012 अंकित किया जायें।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरे पुत्र भुनेश्वर पिता बोसाराम (BHUNESHWAR S/O BOSARAM) एवं जन्मतिथि 05/02/2012 अंकित आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

//सत्यापन//

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 04 की कथन मेरे स्वतः के ज्ञान एवं विवके विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है आज दिनांक 14/07/2025 स्थान दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर हस्ताक्षरित किया है।

सत्यापनकर्ता

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता में अव्वल लाने विधायक ने किया आमजनों से संवाद



**जगदलपुर।** स्वच्छता जागरूकता अभियान के सातवें दिन आज प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने स्टेट बैंक चौक में पहुंचकर आम नागरिकों और व्यापारियों से सीधा संवाद किया। उनके साथ महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य,ब्रांड एंबेसडर, पाषर्दगण मौजूद रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करने,कचरा निर्धारित स्थान पर ही फेंकने और प्लास्टिक उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने दुकानदारों को समझाते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों को स्वच्छता से संबंधित पाम्पलेट भी वितरित किए गए और डस्टबिन के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। आमजन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए नियमित रूप से सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया।

### कौशल तिहार स्पर्धा 28-29 को

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार केन्द्र शासन एवं राज्य शासन के योजनान्तर्गत विगत तीन वर्षों के प्रशिक्षित हितग्राही एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के लिए कौशल तिहार के जिला स्तरीय कौशल प्रतियोजगिता का आयोजन 28 एवं 29 जुलाई को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में किया जा जाना है। इसका उद्देश्य कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करना, उनके कौशल के प्रदर्शन को बढ़ावा देना, युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना एवं विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 के क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगें।

### मृत्यु के 2 प्रकरणों में 8 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# 75 दिन चलने वाली ऐतिहासिक बस्तर दशहरा का आगाज आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

75 दिवस तक चलने वाली विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व का आगाज गुरूवार को पाटाजात्रा पूजा विधान के साथ होगा। परम्परानुसार दंतेश्वरी मंदिर परिसर में टूरलू खोटला की पूजा अर्चना कर बकरे की बलि व देशी शराब का अर्पण किया जाएगा।

बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को हरेली अमावस्या के मौके पर पाट जात्रा पूजा विधान के साथ विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की शुरूआत होगी। इस दौरान पारम्परिक मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादार रथ निर्माण के लिए औजार बनाने ठुरलू खोटला रस्म अदा करेंगे। इस अवसर पर बस्तर दशहरा समिति द्वारा मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन, पुजारी, पटेल, नाईक-पाईक, सेवादारों सहित गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों को उपस्थित होकर पाट जात्रा पूजा विधान में शामिल होने का आग्रह किया गया है। पाट जात्रा पूजा विधान के साथ ही बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को समर्पित इस 75 दिवसीय ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की शुरूआत होगी।

## हरेली अमावश्या पर दंतेश्वरी मंदिर प्रागंण में होगा पाटाजात्रा पूजा



फाइल फोटो

### दूसरी रस्म डेरी गड़ाई 5 सितम्बर को

विश्वप्रसिद्ध दशहरा पर्व के रस्मों की शुरूआत के बाद 5 सितम्बर को डेरी गड़ाई पूजा विधान, 21 सितम्बर को काछनगादी पूजा विधान, 22 सितम्बर को कलश स्थापना पूजा विधान, 23 सितम्बर को जोगी बिठाई पूजा विधान सहित 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान के बाद 29 सितम्बर को सुबह 11 बजे बेल पूजा, 30 सितम्बर को महाअष्टमी पूजा विधान एवं निशा जात्रा पूजा विधान, 1 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई पूजा विधान एवं मावली परघाव, 2 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 3 अक्टूबर को बाहर रैनी पूजा विधान एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 4 अक्टूबर को सुबह काछन जात्रा पूजा विधान के पश्चात दोपहर में मुरिया दरबार का आयोजन होगा। वहीं रविवार 5 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान में ग्राम्य देवी-देवताओं की विदाई की जाएगी और मंगलवार 7 अक्टूबर को मावली माता की डोली की विदाई पूजा विधान के साथ ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों की बैठक

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने निभाएं अहम भूमिका : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक हरिस एस ने कहा कि शासन की मंशानुरूप सहकार से समृद्धि ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु कृषि और उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन इत्यादि कृषि के आनुशांगिक गतिविधियों के लिए ज्यादा से ज्यादा सहायता किसानों और ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएं। इस दिशा में सम्बंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर किसानों और ग्रामीणों के ऋण प्रकरणों की स्वीकृति के साथ ही निर्धारित अवधि में ऋण वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर बस्तर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर हरिस ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रधान कार्यालय में बुधवार को बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रबंधकों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर ऋण वसूली के लिए भी आवश्यक पहल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं के मद्देनजर किसानों एवं ग्रामीणों की जरूरत के अनुरूप उन्हें ऋण सहायता की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करें। बैठक में उपायुक्त सहकारी संस्थाएं डॉ. उषा धुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कुंवर सिंह धुरव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसए रजा, मुख्य लेखापाल प्रदीप मजूमदार, मार्केटिंग ऑफिसर एसके कनौजिया सहित सभी जिलों के नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### खाद-बीज का भण्डारण की समीक्षा

उन्होंने खरीफ फसल सीजन 2025 के तहत ऋण वितरण, वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत ऋण की वसूली, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन की प्रगति, समितियों में खाद-बीज का भण्डारण एवं वितरण, केसीसी में स्वीकृत ऋण, एग्री स्टेक पंजीयन, समितियों में शेष धान के स्टॉक एवं लेखा मिलान आदि की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण के तहत उद्यानिकी, मत्स्यपालन, गौपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन इत्यादि प्रकरणों की समयावधि में परीक्षण कर पात्रता एवं अपात्रता का चिन्हांकन कर शीघ्र निराकरण करने, मांग के विरूद्ध वसूली में सभी कालातीत ऋणि व्यक्तियों से शत-प्रतिशत राशि की वसूली, खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कर मांग अनुरूप वितरण करने तथा पैक्स कम्प्यूटराईजेशन की पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

# लीकेज पाइपलाइन सुधारने से पेयजल व्यवस्था में होगा सुधार : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम के अंतर्गत जलप्रदाय विभाग के द्वारा पेयजल सप्लाई के लिए बिछाई गई मेन लाइन और सप्लाई लाइन से शहर में कई स्थानों पर बड़ी लीकेज विगत तीन वर्षों से थी। लीकेज पाइपलाइन को सुधारने का अब तक ठोस प्रयास नहीं होने से रोजाना लाखों लीटर पानी विगत कुछ सालों से व्यर्थ बह रहा था। महापौर संजय पाण्डे ने जलकार्य सभापति सुरेश गुप्ता और पीएचई अधिकारी के साथ वर्षो से व्यर्थ बह रहे पानी को रोकने की योजना बनाई। बरसात में ऐसे सभी लीकेज को सुधारने के क्रम में सर्किट हाउस के पास सुधार कार्य चल रहा है।

महापौर ने बताया कि शहर में पेयजल के लिए पूर्व में बिछे जल आवर्धन योजना की पाइपलाइन और उसके बाद अमृत योजना की पाइपलाइन का कार्य हुआ है। वर्तमान में जल आवर्धन योजना की पाइपलाइन से शहर के 17 ओवर हैट टैंक में फिल्टर किया हुआ पानी पहुंचाया जाता है जिससे शहर की पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। चूंकि यह लीकेज कई वर्षों से था और गर्मी में इसे बनाना संभव नहीं था इसलिए बरसात में इसे ठीक किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि शहर की जनता को कम से कम तकलीफों का सामना करना पड़े। हमने अतिरिक्त टैंकर की व्यवस्था कर रखी है। प्रभावित क्षेत्रों में लगातार टैंकरों से पेयजल प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पार्षद हरीश पारख उपस्थित रहे। साथ ही निगम अधिकारी संजीव कर्ण के नेतृत्व में कर्मचारी और मजदूर कार्य पर लगे रहे।

## मुलाकात...



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नयापारा विधायक कार्यालय में बुधवार को रायपुर उत्तर विधायक पुरेन्द्र मिश्रा से उत्कल समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट व मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष राजेश दास,सचिव सुमित महापात्र,उपाध्यक्ष मथुरा तिवारी, सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव,कार्यालयीन सचिव अच्युत सामंत,मुख्य कार्यकारणी सदस्यगण , महिला विंग एवं युवा विंग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कांकेर में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने की दिशा में सार्थक पहल, सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार में आदिवासी विश्वविद्यालय की मांग की दिशा में अब गति आने लगी है, जिस बाबत अब पत्र व्यवहार प्रारम्भ हो गया है। भौगोलिक दृष्टिकोण से जिला मुख्यालय से शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर और पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर की दूरी अंचल के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित कर रही है। इसे महसूस करते हुए पूर्व पंचायत सदस्य और जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने छत्तीसगढ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जब 7 अप्रैल 2025 को चैतरई पर्व के अवसर पर गोड़वाना भवन आगमन हुआ था। तब उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर उत्तर बस्तर में आदिवासी विवि प्रारम्भ किए जाने का अनुरोध किया था। जिस पर मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय को इस दिशा आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा था। पत्र मिलने पर आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलसचिव को पत्र लिखकर नवीन आदिवासी विवि के स्थापना की मांग का परीक्षण, नवीन विश्वविद्यालय की आवश्यकता एवं वर्तमान व्यवस्था के तहत छात्र-छात्राओं को हो रही कठिनाइयों का परीक्षण करते हुए अभिमत सुनिश्चित करने को कहा है। कांकेर में आदिवासी विश्वविद्यालय खोलने की दिशा में यह प्रथम प्रयास है। ध्यातव्य हो कि आदिवासियों के महापर्व चैतरई के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कांकेर आगमन पर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया था कि कांकेर प्राचीन समय से ही शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है।



- प्रतिभावान छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे

# अमुस तिहार: खेतों की रक्षा और स्वास्थ्य की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच एवं आदिवासी समाज युवा नेता पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि वहीं अमुस तिहार खेतों में अच्छी फसल की कामना, देखरेख और संरक्षण हेतु अपने पूर्वजों तथा देवी-देवताओं को समर्पित पर्व है। यह पर्व वर्षा ऋतु के आगमन के साथ जुड़ा होता है। वर्षा ऋतु में समस्त जीव-जंतु और वनस्पतियाँ सक्रिय हो जाती हैं। पौधों में तेज़ अंकुरण की प्रक्रिया आरंभ होती है। ये पर्व न केवल कृषि संरक्षण बल्कि सामाजिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते आ रहे हैं। अमुस तिहार के अवसर पर आदिवासी समुदाय जंगल से विभिन्न औषधीय पौधों को एकत्र करता है जैसे लगड़ा जोड़ी, रसना, भेलवा पत्ता, जंगल अदरक, हेदावरी, पाताल कांदा, शिरड़ी आदि। इन जड़ी-बूटियों को पीसकर उनका मिश्रण तैयार किया जाता है, जिसे जानवरों को खिलाया जाता है ताकि वे संक्रमण से सुरक्षित रह सकें। साथ ही रसना और भेलवा की डगालों को खेतों में गाड़ा जाता है, जिससे कीट प्रकोप से बचाव होता है। खेतों में फसल की सुरक्षा हेतु सेवा अर्जी कर कृषि औजारों जैसे नागर, हावड़ा, कुल्हाड़ी-कुचला आदि की भी पूजा की जाती है। ये सभी प्रक्रियाएँ पूर्वजों के कृषि ज्ञान पर आधारित हैं। इन सभी औषधियों को अपने कुल देवी-देवताओं के वास स्थल 'गुड़ी' में अर्पित किया जाता है। गुड़ी को सिंदूर, रंग-बिरंगे फूलों और सजावट से अलंकृत किया जाता है।

## सुविधा के लिए पाट रहे गड्ढे...



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के केशलूर से सुकमा जिले के तोंगपाल, छिंदगढ़, पाकेला तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, लोगों को सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से गडढों को पाटा जा रहा है।

# विवि के डिप्टी लाईब्रेरियन को आउटस्टैंडिंग लर्नर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में सेवारत उप ग्रंथपाल डॉ. संजय कुमार डोंगरे को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और उपलब्धियों के लिए आउटस्टैंडिंग लर्नर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आईआईटी खड़गपुर के रिसर्च पार्क में रविवार को आयोजित समारोह में एनपीटीईएल द्वारा उन्हें यह सम्मान दिया गया।

- आईआईटी खड़गपुर में एनपीटीईएल द्वारा हुआ सम्मान

नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एन्हांस्ड लर्निंग (एनपीटीईएल) भारत सरकार का एक वित्त पोषित प्रोग्राम है, जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य इंजीनियरिंग, विज्ञान,प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और मानविकी विषयों के लिए ऑनलाइन वेब और वीडियो पाठ्यक्रम प्रदान करके शिक्षा को बढ़ावा देना है। एनपीटीईएल संबंधित विषयों में पाठ्यक्रमों का दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन संग्रह है। यह छात्रों और प्रोफेशनल को अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एनपीटीईएल के पाठ्यक्रम सभी के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं और सीखने में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति इन पाठ्यक्रमों को कर सकता है।

उप ग्रंथपाल एवं लाईब्रेरी एंड इंफोर्मेशन साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डोंगरे की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी ने अपने संयुक्त शुभकामना संदेश में कहा कि डॉ डोंगरे की यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह अवार्ड और उपलब्धि उनके लगन,परिश्रम और ज्ञानार्जन के प्रति समर्पण जैसे व्यक्तिगत प्रयासों का सम्मान है। यह सम्मान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर और मार्गदर्शन की भी पुष्टि करता है। हम सब उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करते रहें। डॉ. डोंगरे को इससे पूर्व एनपीटीईएल बिलीवर और एनपीटीईएल इंथुआस्ट के रूप में भी सम्मान मिल चुका है।

# दो स्कूटी की भिड़ंत में भाई-बहन घायलआरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** जिला न्यायालय कांकेर परिसर में कैंटीन को बंद करके स्कूटी में सवार होकर भाई बहन अपने घर की ओर जा रहें थे, तभी रास्ते में घड़ी चौक कांकेर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार अन्य स्कूटी के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनो भाई बहन जमीन पर गिर गए। शिकायत पर आरापी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे अटल आवास उदय नगर कांकेर निवासी 23 वर्षीय वरूण यादव पिता कमलचंद यादव ने पुलिस को बताया कि जिला न्यायालय कांकेर परिसर में कैंटिन चलाने का काम करता हूं और 22 जुलाई को जिला न्यायालय स्थित कैंटीन को बंद करने के बाद बहन रेणुका यादव के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीपी 2276 से घर अटल आवास उदय नगर कांकेर जा रहे थे। स्कूटी को मेरी बहन रेणुका यादव चला रही थी और मैं पीछे बैठा था। शाम लगभग 6 बजे घड़ी चौंक के पास पहुंचे थे कि मेन रोड में चारामा की ओर से आ रही आरोपी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 1659 के चालक द्वारा अपने स्कूटी को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम लोग स्कूटी गाड़ी सहित रोड में गिर गए। एक्सीडेंट से मेरी बहन रेणुका यादव के दाहिने हाथ, सिर एवं कमर में चोंटें आई है, वहीं मुझे चोट नहीं आई है। आरोपी वाहन चालक बेवजह की बात भी करने लगा था और धमका रहा था।

शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वहान क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 1659 के चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

